सं0-भा0ति0सी0पु0 बल/41वीं वा0/स्था-2/कॉ.(जी.डी.)श्रीनिवास रेड्डी कुकाला/2024- 1709

कार्यालय सेनानी, 41वीं वाहिनी, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस
गृह मंत्रालय/भारत सरकार
विक्रम नगर कैम्प, पो0-तर्तुआ, जिला-खुर्दा(ओडिशा)
ई मेल-itcell41stbn@itbp.gov.in.

दिनांक :04.04.2024

नोटिस

दल संख्या 080411267 कॉंस्टेबल(जी.डी.) श्रीनिवास रेड्डी कुकाला, 'अ' समवाय, 41वीं वाहिनी भातिसीपु बल सुपुत्र श्री अंकी रेडडी कुकाला, गांव-कुकालावारी पलेम, डाकघर/तहसील/थाना-चिनानागंजन, जिला- बापाट्ला, राज्य-आंध्र प्रदेश, पिन-523135 को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 31.01.2024(अप्रा.) से बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति एवं पूर्व सूचना के 41वीं वाहिनी कैम्प परिसर से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे है। आपको समय-समय पर अपनी ड्यूटी पर आमद देने हेतु इस कार्यालय के कार्यालय ज्ञापन संख्या 74-80 दिनांक 01.02.2024 एवं कार्यालय ज्ञापन संख्या 108-14 दिनांक 06.02.2024 एवं 129-35 दिनॉंक 13.02.2024 के तहत आपको 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल मुख्यालय, विक्रम नगर कैम्प, तर्तुआ, खोर्धा (ओडिशा) में उपस्थित होने के लिए बार-बार निर्देश दिये गए हैं, परंतु आप वाहिनी मुख्यालय, 41वीं वाहिनी में आमद नहीं हुए। इसके अलावा भा.ति.सी. पुलिस बल अधिनियम 1992 की धारा 72 एवं 73 में दिए गए प्रावधानों के अनुरूप में 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल के पत्रांक संख्या 231-42 दिनांक 19.02.2024 के तहत पुलिस अधीक्षक, जिला- प्रकाशम (अब बापट्ला), राज्य-आंध्र प्रदेश को आपको गिरफ्तार कर 56वीं वाहिनी/41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस को सुपुर्द करने हेतु अनुरोध किया गया, परंतु पुलिस विभाग द्वारा अभी तक आपको इस वाहिनी के सुपुर्द नहीं किया गया है न ही आप स्वंय अभी तक वाहिनी मुख्यालय में ड्यूटी हेतु आमद हुए है।

02. आप दिनांक 31.01.2024(अप्रा.) से कैम्प परिसर से अनुपस्थित होने के कारण इस कार्यालय के आदेश संख्या 706 दिनांक 04.03.2024 के तहत अवकाश से अनुपस्थित होने के कारणों का पता लगाने हेतु न्यायिक जॉच समिति का गठन किया गया एवं गठित न्यायिक जॉच समिति की संस्तुति के आधार पर 41वी वाहिनी के आदेश संख्या 1371-87 दिनांक 12.03.2024 के तहत आपको दिनांक 31.01.2024(अप्रा.) से बल से भगौडा "Deemed to be a Deserter" घोषित किया गया है, जिसकी प्रति पंजीकृत डाक के माध्यम से आपके गृहनगर के पते पर भेजी जा चुकी है। इसके अतिरिक्त इस कार्यालय के पंजीकृत पत्र संख्या 1633 दिनांक 27.03.2024 के तहत आपको कारण बताओ नोटिस (Show Cause Notice) भी जारी किया गया है।

3. दल संख्या 080411267 कॉंस्टेबल(जी.डी.) श्रीनिवास रेड्डी कुकाला, 'अ' समवाय, 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस पुत्र श्री अंकी रेडडी कुकाला को पुनः सूचित करते हुए निर्देशित किया जाता है कि इस नोटिस के समाचार पत्र में प्रकाशित होने के 30 दिन के अन्दर इ्यूटी हेतु अपनी आमद 41वीं वाहिनी, भा.ति.सी. पुलिस बल, विक्रम नगर कैम्प, तर्तुआ, जिला-खोर्धा, ओड़िशा में दें अथवा अपने बचाव पक्ष में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और तदानुसार उचित आदेश पारित कर दिये जायेगें।



(हेमन्त कुमार)
उप सेनानी/एडजुटेन्ट
41वी वाहिनी, भा.ति.सी.पुलिस बल

CBC- 19112/11/0019/2425